संख्या- 04/2018/195 /62-1-2018-43जीडब्लू/2017

प्रेषक,

मोनिका एस. गर्ग,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश ।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक- 22 फरवरी,2018

विषय- राज्य भूजल संरक्षण मिशन की अद्यतन प्रगति की सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-137/62-1-2017-43जीडब्लू/2017, दिनांक 29-01-2018 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 द्वारा सृजित डैशबोर्ड पर लघु सिंचाई विभाग से सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ताओं/नोडल अधिकारियों द्वारा मिशन की प्रगति अपलोड कराने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त के क्रम में मुझे यह अवगत कराने का निदेश हुआ है कि मिशन की प्रगति रिपोर्ट को लघु सिंचाई विभाग द्वारा विकसित डैशबोर्ड के साथ-साथ मा0 मुख्यमंत्री जी के डैशबोर्ड पर भी प्रदर्शित करने के आदेश प्राप्त हुए हैं।

2- उक्त परिप्रेक्ष्य में अपेक्षा की गयी है कि कृपया व्यक्तिगत ध्यान देते हुए अपने जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों को डैशबोर्ड पर विधिवत हर माह की 05 तारीख तक अंकित करवाने का कष्ट करें।

भवदीया,

(मोनिका एस. गर्ग)
प्रमुख सचिव।

संख्या-04/2018/195(1)/62-1-2018, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निमनलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, जवाहर भवन, लखनऊ।
(2) निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0,लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रश्नगत प्रकरण में अपने स्तर से भी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें ।
(3) समस्त अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(मोनिका एस. गर्ग)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in